जबसे तुम्हे पाया | by Prashant Suryavanshi

जबसे तुम्हे पाया तुम्हे दिल में बसाया
हर ग़म को भुलाया है
कैसा ये जादू चलाया है दीवाना मुझे बनाया है

हर धड़कन में नाम है बस तेरा
मैं हूँ तेरा श्याम तू है मेरा
कैसे कह दू तू बेवफा है
हर मुश्किल में थामा हाथ है मेरा
तेरा साथ जो पाया दूर हुआ बुरा साया
जबसे अपना बनाया है तुम्हे अपना बनाया है
कैसा ये जादू चलाया है दीवाना मुझे बनाया है

भोली भाली प्यारी सूरत तेरी
नींद चुराके ले गयी बाबा मेरी
जबसे देखा चाँद सा सोना मुखड़ा
बदल गई है किस्मत बाबा मेरी
अब चाह यही है ना चाह कोई है
तेरा प्यार जो पाया है
कैसा ये जादू चलाया है दीवाना मुझे बनाया है

कल तक थे जो दूर हैं पास वो आये
अपना कहकर मुझको गले लगाएं
अजब है लीला सांवरिया ये तेरी
कैसे कैसे हालात प्रभु दिखलाये
जो बनते थे पराये मुझे अपनापन दिखाएँ
इस काबिल बनाया है
कैसा ये जादू चलाया है दीवाना मुझे बनाया है

जब तक है ये सांस तू साथ निभाना
छोड़ मुझे अब दूर कहीं ना जाना
अर्णव माधव जिए तेरे ही दम से
पाठक दिल से करे तेरा शुक्राना
सूर्यवंशी ये गाये सोनू दिल से रिझाये
सब तेरी ही माया है
कैसा ये जादू चलाया है दीवाना मुझे बनाया है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%ac%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a5%87-%e0%a4%aa%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a4%be-by-prashant-suryavanshi/